मॉडल प्रश्न–पत्र–IV

कक्षा – बारहवीं

विषय – व्यवसाय अध्ययन

समय : 3 घण्टे **पूर्णांक : 100**

निर्देश– 1. सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

2. प्रश्न क्रमांक 1 में तीन खण्ड है। खण्ड (अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए। खण्ड (ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति व खण्ड (स) सत्य/असत्य लिखिए। प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक आबंटित है।
3. प्रश्न क्रमांक 2 से 13 तक अतिलघु उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आबंटित है।
4. प्रश्न क्रमांक 14 से 19 तक लघु उत्तरीय प्रश्न (I) है। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आबंटित है।
5. प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक लघु उत्तरीय प्रश्न (II) है। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित है।
6. प्रश्न क्रमांक 24 से 25 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 5 अंक आबंटित है। प्रत्येक प्रश्न पर आंतरिक विकल्प है।
7. प्रश्न क्रमांक 26 से 27 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित है। प्रत्येक प्रश्न पर आंतरिक विकल्प है।

(खण्ड–अ)

प्रश्न 1. **(अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए–** $(1 \times 5 = 5)$

(i) एक्स लि. को बादल के फटने से हानि हुई–

(अ) प्राकृतिक कारण (ब) राजनैतिक कारण

(स) भौतिक कारण (द) आर्थिक कारण

(ii) बैंकिंग व्यवसाय करने वाली फर्म में साझेदारों की अधिकतम संख्या होती है–

(अ) 15 (ब) 12

(स) 10 (द) 20

(iii) प्रबंध के कितने स्तर है–

(अ) दो (ब) तीन

(स) चार (द) पाँच

(iv) निम्नलिखित में कौन–सा भर्ती का आन्तरिक स्रोत है–

(अ) मीडिया द्वारा विज्ञापन (ब) पदोन्नति

(स) सन्दर्भ (द) कैम्पस साक्षात्कार

(v) निम्न में कौन–सा निर्यात व्यापार है–

(अ) विदेशों को माल भेजना (ब) विदेशों से माल मँगवाना

(स) विदेशी माल को स्टॉक में रखना (द) इनमें से कोई नहीं

(खण्ड–ब)

(ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए– (1 × 7 = 7)

(i) राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड की स्थापना .... में हुई।

(ii) प्रबंध .... एवं विज्ञान दोनों है।

(iii) रोजगार कार्यालय द्वारा भर्ती, भर्ती का .... स्रोत है।

(iv) .... को बैंकों का बैंक कहा जाता है।

(v) अंशों के क्रय–विक्रय करने वाले बाजार को .... कहते हैं।

(vi) विभागीय भण्डार को .... शॉप भी कहते हैं।

(vii) .... से तात्पर्य किसी संगठन द्वारा प्रदत्त वस्तु एवं सेवा से है।

(खण्ड–स)

(स) सत्य/असत्य लिखिए– (1 × 8 = 8)

(i) नौकरी के लिए आवेदकों को लुभाने की प्रक्रिया भर्ती है।

(ii) प्रबंध कला व विज्ञान दोनों है।

(iii) प्रबंध में जो व्यक्ति निर्णय लेते हैं वे प्रबंध के निम्न स्तर कहलाते हैं।

(iv) योजना और नियंत्रण का निकट संबंध है।

(v) प्रबंध के सभी स्तरों पर नियंत्रण नहीं रखा जाता है।

(vi) भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक की स्थापना सन् 1980 में की गयी।

(vii) अंशों को बदलने लाभांश प्राप्त होता है।

(viii) विज्ञापन धन का अपव्यय है।

प्रश्न 2. ई–कॉमर्स शब्द से क्या आशय है ? (2)

प्रश्न 3. साझेदारी संलेख से क्या आशय है ? (2)

प्रश्न 4. बहुराष्ट्रीय निगम से क्या आशय है ? (2)

प्रश्न 5. उदारीकरण क्या है ? (2)

प्रश्न 6. नौकरी के इच्छुक व्यक्ति के किन्हीं दो व्यक्तिगत गुण लिखिए। (1+1=2)

प्रश्न 7. गति अध्ययन से क्या आशय है ? (2)

प्रश्न 8. पर्यवेक्षक के किन्हीं दो कार्यों को लिखिए। (1+1=2)

प्रश्न 9. ऋण पत्रों की दो सीमाएँ लिखिए। (1+1=2)

प्रश्न 10. शेयर बाजार से क्या आशय है ? (2)

प्रश्न 11. वित्तीय प्रबंध से क्या आशय है ? (2)

प्रश्न 12. स्थायी पूँजी और कार्यशील पूँजी में दो अन्तर स्पष्ट कीजिए। (1+1=2)

प्रश्न 13. निर्ख पत्र से क्या आशय है ? (2)

प्रश्न 14. बैंकके ग्राहकों को ए.टी.एम. से होने वाले तीन लाभ लिखिए। (1+1+1=3)

प्रश्न 15. साझेदारी संलेख के अभाव में लागू होने वाले तीन नियम लिखिए। (1+1+1=3)

प्रश्न 16. प्रशिक्षण के तीन महत्व लिखिए। (1+1+1=3)

प्रश्न 17. किन्हीं तीन प्रकार के वित्तीय प्रेरणाओं का वर्णन कीजिए। (1+1+1=3)

प्रश्न 18. एक अच्छे नेता के तीन गुण लिखिए। (1+1+1=3)

प्रश्न 19. विज्ञापन के तीन महत्व लिखिए। (1+1+1=3)

प्रश्न 20. प्रबंध के महत्व लिखिए। (कोई चार) (1+1+1+1=4)

अथवा

टेलर द्वारा प्रतिपादित चार सिद्धांतों का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 21. पूर्वाधिकार अंशों के प्रकार लिखिए। (कोई चार) (1+1+1+1=4)

अथवा

अंशधारियों के दृष्टिकोण से समता अंश के लाभ लिखिए। (कोई चार)

प्रश्न 22. प्राथमिक बाजार और द्वितीयक बाजार में अंतर स्पष्ट कीजिए। (कोई चार) (1+1+1+1=4)

अथवा

मुद्रा बाजार व पूँजी बाजार में अंतर स्पष्ट कीजिए। (कोई चार)

प्रश्न 23. उत्पाद मिश्रण के संघटकों को संक्षेप में समझाइये। (कोई दो) (2+2=4)

अथवा

पैंकेजिग कार्यों का वर्णन कीजिए। (कोई चार) (1+1+1+1=4)

प्रश्न 24. भर्ती व चयन में अंतर स्पष्ट कीजिए। (कोई पाँच) (1+1+1+1+1=5)

अथवा

औपचारिक संगठन व अनौपचारिक संगठन में अंतर स्पष्ट कीजिए। (कोई पाँच)

प्रश्न 25. विपणन की पाँच महत्वपूर्ण क्रियाओं का वर्णन कीजिए। (1+1+1+1+1=5)

अथवा

विपणन के पाँच उद्देश्यों का वर्णन कीजिए।

प्रश्न 26. मूल्य निर्धारण की तीन प्रमुख पद्धतियों की व्याख्या कीजिए। (2+2+2=6)

अथवा

प्रवर्तन के तीन साधनों की व्याख्या कीजिए। (2+2+2=6)

प्रश्न 27. विदेशी व्यापार या बाह्य व्यापार के तीन महत्व लिखिए। (2+2+2=6)

अथवा

उपभोक्ता के कोई तीन अधिकारों का वर्णन कीजिए। (2+2+2=6)